





# कट्टे की नोक पर परियोजना अधिकारी को बंधक बनाकर हाइवे में लूट

## रात में नहीं दर्ज हुई एफआईआर, दोपहर मनगवां में दर्ज हुआ प्रकरण, एटीएम कार्ड सहित लगभग 20 हजार की लूट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, हाइवे में एक बार फिर लूट की वारदात शुरू हो गई है. मनगवां थाना अन्तर्गत रीवा-प्रयागराज हाइवे में चलते वाहन को ओवर टेक करने के बाद एक परियोजना अधिकारी को बंधक बनाकर कट्टे की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गये.**

एफआईआर दर्ज कराने के लिये गंगेव चौकी से लेकर मनगवां थाने तक पीड़ित भटकता रहा, लेकिन रात में प्रकरण दर्ज नही हुआ. बढ़ते दबाव के चलते मनगवां पुलिस ने दोपहर प्रकरण दर्ज किया. जानकारी के मुताबिक त्योंथर में पदस्थ महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी दीपक मिश्रा पिता रामहर्ष मिश्रा निवासी शहडोल जबलपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने वाहन





क्रमांक एमपी 18 जेडबी 6343 से वापस त्योंथर लौट रहे थे. रात लगभग 10.30 बजे एनएच 30 में गंगेव चौकी समान नहर के पास जैसे ही गाड़ी पहुंची तभी बगैर नम्बर की लाल कलर की ब्रेजा कार में सवार चार व्यक्ति कार को ओवर टेक कर आगे आए और बोले कि पिछला टायर पंचर है. इसके बाद दीपक ने आगे जाकर कार रोक दी. तभी बदमाश उतर कर कार में सवार हो गये और दोनो तरफ से कट्टा लगा दिया. एक व्यक्ति कार चलाने लगा और दो बदमाश बैठ गये. जबकि एक अन्य व्यक्ति पीछे अपनी ब्रेजा कार से आ रहा था. पीड़ित के मुताबिक बदमाशो ने पैसे की मांग करते हुए कार में रखे बैग से 16 हजार नगद, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड आदि ले लिये और पिन नम्बर मांग रहे थे. इसके बाद चलती कार से बदमाश गढ़ के पास राल्ही ढ़ाबा के पास गाड़ी रोक कर पैसे और एटीएम कार्ड लेकर फरार हो गये और पीड़ित की कार के सभी कांच बंद कर दिये थे. किसी तरह पीड़ित बाहर निकला और पूरे मामले की जानकारी राल्ही ढ़ाबा के कर्मचारियों को दी और फिर 112 के द्वारा गढ़ पुलिस पहुंची. लेकिन मामला कही दर्ज नही हुआ. दोपहर मनगवां में प्रकरण दर्ज किया गया. हाइवे में एक बार फिर लूट की वारदात शुरू हो गई है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है.

### प्रकरण दर्ज कराने भटकता रहा पीड़ित

कट्टे की नोक पर बदमाशो ने एक परियोजना अधिकारी को लूट लिया और रीवा की पुलिस इतनी संवेदनशील है कि इसे गंभीरता से नही लिया और पीड़ित एक थाने से दूसरे थाने का चक्कर काटता रहा. रात में न तो एफआईआर की गई और न ही बदमाशो की धरपकड़ के लिये कोई नाकेबंदी की गई. सुबह भी प्रकरण दर्ज नही हुआ और जब मीडिया आदि का दबाव बढ़ा तब मनगवां पुलिस ने दोपहर 2 बजे प्रकरण दर्ज किया. इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले की पुलिस कितनी संवेदनशील है, लूट जैसे मामलो में एफआईआर दर्ज करने में टाल मटोल करती रही.



# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

## एक साल पहले हुई थी वारदात

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत एक साल पूर्व सामूहिक दुष्कर्म किये जाने के मामले में 17 वें अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनु सिंह द्वारा अभियुक्तगण को दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है. मामले की पैरवी लोक अभियोजक एड. विकास द्विवेदी द्वारा की गई.**

लोक अभियोजक विकास द्विवेदी ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत पाण्डेन टोला में पीड़िता किराए के मकान में रहकर अपने पति के साथ मजदूरी का काम करती थी. 28 दिसम्बर 2024 की सुबह 10 बजे घर से छोटी दरगाह के तरफ जा रही थी तभी सुबह 9.30 बजे अस्पताल चौराहे के पास दो व्यक्ति मिले और काम पर ले जाने के बहाने अपने साथ लेकर चल दिये और पाण्डेन टोला स्कूल के पास पहुंचने पर पीड़िता ने पूंछा कि कहा पर काम करना है तो आरोपियो ने बताया कि बस कुछ दूर पर ही घर है. इसके बाद स्कूल के पीछे मैदान में झाड़ियो के पीछे ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और मारपीट करते हुए किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये. किसी तरह पीड़िता घर पहुंची और पूरी जानकारी पति को दी. उसके बाद सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया.

पुलिस ने आरोपी धर्मराज बंसल उर्फ धरमू एवं अभिषेक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की. जांच के बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया. आरोप सिद्ध होने पर 17 वें अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनु सिंह द्वारा अभियुक्त धर्मराज उर्फ धरमू बंसल एवं अभिषेक को दोषी मानते हुए 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास और 6-6 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है.

# गर्भवती महिला और बच्चे की मौत पर लगाया उपचार न करने का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, रीवा के संजय गांधी अस्पताल में लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं.**

एक गर्भवती महिला और उसके बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज न करने और मारपीट का आरोप लगाया. अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को निराधार बताया है. उनका कहना है कि गर्भवती महिला को पीलिया था और उसकी स्थिति गंभीर थी. सतना से रेफर होकर आई दीपा गुप्ता पत्नी राजकुमार गुप्ता 36 वर्ष के परिजनों ने डॉक्टरों पर दो दिनों तक इलाज न करने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है. शनिवार को घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के गेट पर शव रखकर हंगामा किया. दीपा गुप्ता की मां ने बताया कि वे अपनी बेटी को सतना जिला अस्पताल से रेफर कराने के बाद यहां लेकर आई. यहां दीपा को दो दिनों तक वॉर्ड में सिर्फ लिटाकर रखा गया और कोई सही इलाज नहीं किया गया. परिजनों के मुताबिक समय पर इलाज न मिलने के कारण ही दीपा और उसके अजन्मे बच्चे की मौत हुई है.इस पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन ने आरोपों को निराधार बताया है. सीएमओ डॉ यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि महिला को जब सतना से यहां लाया गया था, तब उसे पीलिया था और उसे यूरिन भी नहीं आ रहा था. उसकी हालत बेहद गंभीर थी. ऑपरेशन कर बच्चे को निकाला गया, लेकिन महिला का ब्लड प्रेशर काफी बढ़ गया था, जिसके बाद उसे वेंटिलेटर पर रखा गया.

# पशुपालकों को दी गई समझाइश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संचालित किया गया.**

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान में जिन पशु पालकों के यहां 10 से अधिक जानवर थी उनके घर भेंट की गई. अभियान में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अमले के द्वारा भी मॉनिटरिंग की गई एवं पशु पलकों से भेंट की गई. संभाग में पशु चिकित्सक 591 मैत्री तथा जिलों के सभी पशु चिकित्सक एवं शहडोल संभाग में पशु चिकित्सक एवं 391 मैत्री को दूध समृद्धि संपर्क अभियान हेतु नियत किया गया था. रीवा संभाग के लिए 10 से अधिक पशुपालकों की संख्या का लक्ष्य 34271 था जिसमें से 36126 पशुपालकों से भेंट की गई और समझाइश दी गई.

## संक्षिप्त

### लघु वेतन कर्मचारी संघ सौंपेगा ज्ञापन आज

**रीवा.** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने बताया है कि भारत सरकार एवं अन्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जा चुका है. लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक विचार नहीं किये जाने से 8 हजार कर्मचारी राह देख रहे है. प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार सभी 55 जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री और मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जाना है. जिला कार्यकारिणी रीवा द्वारा भी 13 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टर रीवा को महंगाई भत्ते के लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है. जिले के सभी लघु वेतन पदाधिकारियों और कर्मचारियों को कलेक्ट्रेड परिसर मे 13 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे उपस्थित रहने की अपील की है.

### लंबित डीए एरियर्स दिलाए जाने की गई मांग

**रीवा.** जवा विकासखण्ड अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक संवर्ग के बढ़े हुए डीए की अंतर राशि एरियर्स का भुगतान नहीं किया गया है. जिसके संबंध मे शासकीय शिक्षक संगठन के ब्लाक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जवा द्वारा संकुल प्राचार्य को पत्र जारी कर शिक्षक संवर्ग को सातवें वेतनमान एवं छठवें वेतनमान पा रहे लोकसेवकों को शासनादेश वित्त विभाग द्वारा अनुसार जुलाई 2024 से संशोधित आदेश जारी कर डी ए में वृद्धि की गई थी. जिसके पालनार्थ महगांई भत्ते के एरियर पांच समान किस्तों में भुगतान के निर्देश दिए गए थे,जिसका अंतिम भुगतान माह अक्टूबर 25 में कर दिया जाना चाहिए. लेकिन अभी तक एक भी किस्त का भुगतान नहीं किया गया है. जिससे शासकीय शिक्षक संगठन मध्य प्रदेश द्वारा मांग की जा रही है कि लंबित बढ़े हुए डीए एरियर्स राशि का भुगतान दीपावली से पूर्व कराया जाए, ताकि कर्मचारियों के लंबित स्वायत्त का भुगतान शीघ्र हो सके. राम सलोन तिवारी, बद्री प्रपन्न पांडेय, राकेश बाबू गुप्ता, कमलेश प्रजापति,के पी पांडे, बृजेश पांडेय, जितेंद्र मिश्रा, विनय त्रिपाठी, धीरेश द्विवेदी, धनेंद्र पांडेय ज्ञान सिंह, मुकेश सिंह, अजय गुप्ता आदि ने डीए एरियर्स राशि का देयक प्रस्तुत कर भुगतान की मांग की गई है.

### लाड़ली बहनों के खाते में पहुंची राशि




**रीवा.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्योपुर से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत माह अक्टूबर की सहायता राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गयी. प्रदेशभर में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं ग्राम पंचायतों में हितग्राही महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. ग्राम पंचायतों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सुना. कार्यक्रम के दौरान जिले की कुल 4,04,294 हितग्राही बहनों के खातों में 50.53 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया. इस अवसर पर महिलाओं ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं योजना के माध्यम से प्राप्त हो रहे सहयोग को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया. लाइव प्रसारण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के सहयोग से व्यापक प्रबंध किए गए. कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों तथा ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया.



दो वक्त की रोटी के लिये फ्लाई ओवर के नीचे बना लिया आशियाना

# 22 केन्द्रों में हुई एनएमएमएसएस की परीक्षा, 925 छात्र अनुपस्थित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, रीवा एवं मऊगंज में 22 परीक्षा केन्द्रो में रविवार को राष्ट्रीय-मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से आयोजित की गई. जिला शिक्षा अधिकारी ने कई परीक्षा केन्द्रो का औचक निरीक्षण भी किया. 925 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.**

परीक्षा में 7269 परीक्षार्थी बैठने थे लेकिन 6344 परीक्षार्थी ही बैठे. इस तरह से 925 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. परीक्षा रीवा एवं मऊगंज जिले में 11:00



से प्रारंभ हुई. इस परीक्षा में कक्षा 8 वीं में अध्यनरत छात्र शामिल होते हैं जिन्हें परीक्षा उत्तीर्ण बाद 9, वी से12वीं तक 12,000 प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति शासन द्वारा भुगतान की जाती है. उक्त परीक्षा के निरीक्षण मे रीवा जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा ने शहर के मार्तण्ड क्रमांक 2 एवं शासकीय हाईस्कूल रामनई का निरीक्षण किया.

दोनों ही परीक्षा केंद्र में परीक्षा शांत एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई. इसके अतिरिक्त विकास खण्डो में वीईओ ने अपने स्तर से निरीक्षण किया. डीईओ रामराज मिश्र के साथ निरीक्षण मे सहायक संचालक राजेश मिश्रा, अविनाश गौतम एवं संजय द्विवेदी शामिल रहे.

# सूचना के अधिकार अधिनियम को कमजोर किया गया : शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि आज आरटीआई की 20 वीं वर्षगांठ है.**

सूचना के अधिकार अधिनियम पर 2019 को संशोधन कर उसे कमजोर किया और कार्यपालिका का प्रभाव बढ़ाया इससे यह अधिनियम बहुत कमजोर हो गया ओर जिसके तहत अनेको ऐसे प्रकरण है, जिनका आज तक जानकारी के आभाव में खुलासा नहीं हो पा रहा हैं. पत्रकारवार्ता में उन्होने कहा कि केन्द्रीय सूचना आयोग को कमजोर करने का प्रयास केन्द्र की भाजपा सरकार कर रही है,



11 स्वीकृत पदों के मुकाबले इस समय केवल 02 आयुक्त कार्यरत हैं. मुख्य आयुक्त का पद भी रिक्त हो गया जिसकी अभी तक पूर्ति नही की गयी इस प्रकार की स्थिति यूपीए सरकार में कभी नही रही. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने आज के ही दिन यानी 12 अक्टूबर 2005 को ऐतिहासिक सूचना का अधिकार अस्तित्व में लाया गया था. श्री शर्मा ने कहा कि आर टी आई अधिनियम महत्वपूर्ण व लोकतांत्रिक सुधारों में से एक है.

### नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक आज

रीवा, 12 अक्टूबर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम रीवा एवं जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है. इसके पूर्व सुबह 11 बजे से कलेक्टर टीएल बैठक लेगी. जिसमें सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण और टीएल पत्रो की समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित के निर्देश दिये गये है.

# तीर्थदर्शन ट्रेन के लिये आवेदन की अंतिम तिथि आज

नवभारत न्यूज


**रीवा, 12 अक्टूबर, शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है.**

इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों को 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी.

# सतना के पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, सतना के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकरलाल तिवारी का दु:खद निधन रविवार को हो गया. पिछले कई दिनो से वह बीमार चल रहे थे. एम्स दिल्ली में उपचार चल रहा था, जहा उन्होने अंतिम सांस ली. अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये है.**



गरीब, मजदूर एवं सर्वहारा वर्ग की आवाज शंकर लाल तिवारी थे. उनके निधन से सतना सहित विंध्य में शोक की लहर दौड़ गई. रीवा एवं मऊगंज के भाजपा नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित सभी विधायको ने शोक व्यक्त किया है. निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भाजपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने कहा है कि सतना के बेवाक, लोकप्रिय जननायक पूर्व विधायक प.शंकरलाल तिवारी के निधन की खबर से बेहद दुखी एवं स्तब्ध हूं. संघर्ष, शालीनता और जनसेवक थे.

### शंकरलाल का निधन अपूर्णीय क्षति : सिद्धार्थ

त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सतना के पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जनसंघ से भाजपा तक का जीवन राष्ट्रनिष्ठा, संगठन कौशल,संघर्ष और अनुशासन का जीता-जागता उदाहरण रहा है. सिद्धार्थ ने कहा कि शंकरलाल जी का निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है. उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनो के साथ हैं ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिवार जनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे.

### जांच शिविर आज

रीवा, 12 अक्टूबर, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अटल वयों अभ्युदय योजनान्तर्गत बुजुर्गों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. शिविर में कृत्रिम अंग के लिए पात्र पाए गए बुजुर्गों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम तथा एलिम्को संस्था द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे. 13 अक्टूबर को विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित शिविर में नगर निगम रीवा, नगर परिषद गोविंदगढ़, सिरमौर, सेमरिया एवं बैकुंठपुर सहित जनपद रीवा एवं सिरमौर के वरिष्ठजनों की जांच की जायेगी.

# स्वदेशी को अपना कर ही देश आत्मनिर्भर बनेगा : गणेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता के दौरान सतना सांसद गणेश सिंह ने जीएसटी और नोटबंदी को सार्थक एवं जरूरी कदम बताया.**

उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को वितसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है. स्वदेशी को अपना कर ही देश आत्मनिर्भर बनेगा. उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सशक्त आधार स्वदेशी विचारधारा और स्वदेशी उत्पाद है. उन्होने कहा



कि जब देश का प्रत्येक नागरिक स्वदेशी उत्पादो का उपयोग करेगा, स्थानीय उद्योगो को प्रोत्साहन देगा तभी सच्चे अर्थो में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा. आत्मनिर्भर भारत ही विकसित भारत का आधार है. इसी के माध्यम से भारत वर्ष 2047 तक विश्व गुरू बनने की दिशा में अग्रसर होगा. उन्होने कहा कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है और देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए स्वदेशी ही एक मात्र विकल्प है. उन्होने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई. इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे.

# दो करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अक्टूबर, वॉर्ड क्रमांक 44 चिरहुला कॉलोनी से होमगार्ड ऑफिस तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ आज नगर निगम महापौर अजय मिश्रा की उपस्थिति में किया गया.**

कार्य का शुभारंभ वॉर्ड के वरिष्ठ नागरिक कौशलेंद्र सिंह परिहार द्वारा नारियल तोड़कर



किया गया. इस अवसर पर महापौर श्री मिश्रा ने वॉर्डवासियों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए. निर्माण कार्य की अनुमानित लागत रू. 2 करोड़ 10 लाख है, जिसके तहत डामरीकरण रोड, पैवर ब्लॉक एवं नाली निर्माण कार्य किया जाएगा. कार्यक्रम में वॉर्ड पार्षद श्रीमती अर्चना अमृतलाल मिश्रा, अमृतलाल मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, नगर निगम के सहायक यंत्री पी.एन. शुक्ला, उपयंत्री मनोज सिंह मौजूद रहे.